कीचड़ में फंसी एंबुलेंस व्यवस्था, प्रसव पीड़िता को चारपाई पर ढोकर ले गए ग्रामीण

ढाई किलोमीटर सड़क के लिए वर्षों से गुहार, मंगलवार को प्रसव पीड़ा से कराहती महिला को ग्रामीणों ने कंधों पर उठाया, एक महीने में दो प्रसव, दोनों बार चारपाई बनी सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हर्रई

देश डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ रहा है। तकनीक के दौर में शहरों से लेकर गांवों तक सुविधाएं पहुंचाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन अमरवाड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सालीवाड़ा शारदा के खजरी मोहल्ला में तस्वीर इससे बिल्कुल अलग नजर आती है। यहां बारिश के दिनों में सड़क की हालत ऐसी हो जाती है कि सामान्य वाहन तो दूर, आपात स्थिति में एंबुलेंस तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। मंगलवार सुबह इसका खामियाजा एक प्रसव पीड़िता को भुगतना पड़ा। प्रसव पीड़ा से कराह रही 21 वर्षीय प्रदीपा पति राजकुमार उर्फ अंकित बट्टी को ग्रामीणों ने चारपाई पर लिटाया और करीब दो किलोमीटर तक कीचड़ भरे रास्ते से कंधों पर उठाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। इसके बाद महिला को अस्पताल ले जाया जा सका।ग्रामीणों के अनुसार खजरी मोहल्ला मुख्य मार्ग से जुड़ा हुआ है, लेकिन करीब ढाई किलोमीटर का रास्ता पक्का नहीं होने के कारण बारिश में पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता है। मंगलवार सुबह जब प्रदीपा को प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो परिजन और ग्रामीणों ने उसे अस्पताल पहुंचाने की तैयारी की। एंबुलेंस तक पहुंचने के लिए रास्ता बेहद खराब था। ऐसे में ग्रामीणों ने चारपाई को ही तत्काल सहारे के रूप में इस्तेमाल किया।

108 की जगह चारपाई बनी एंबुलेंस

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के मौसम में खजरी मोहल्ले की सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। जगह-जगह पानी और कीचड़ जमा होने के कारण वाहन अंदर तक नहीं पहुंच पाते। प्रसव जैसी आपात स्थिति में समस्या और गंभीर हो जाती है। मंगलवार को भी प्रदीपा को चारपाई पर लिटाकर ग्रामीण कीचड़ से होते हुए मुख्य सड़क तक पहुंचे।इस दौरान मोतीराम भलावी, मुकेश उईके, अंकित बट्टी, तुकाराम उईके, राहुल उईके, चारणलाल बट्टी, प्रीतलाल धुर्वे, शर्मिला बट्टी सहित अन्य ग्रामीणों ने चारपाई उठाने में मदद की। ग्रामीणों ने करीब दो किलोमीटर तक महिला को कंधों पर ढोया। इस दौरान रास्ते की स्थिति के कारण उन्हें कई जगह संभलकर आगे बढ़ना पड़ा।

एक महीने में दो प्रसव, दोनों बार चारपाई का सहारा

ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले करीब एक महीने में खजरी मोहल्ला में दो महिलाओं को प्रसव पीड़ा के बाद इसी तरह चारपाई पर ले जाना पड़ा। दोनों ही बार बारिश और खराब सड़क के कारण वाहन मोहल्ले तक नहीं पहुंच सके। ग्रामीणों के मुताबिक ऐसी स्थिति में गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, बीमार लोगों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी होती है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि रात के समय कोई गंभीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति बन जाए तो समस्या और बढ़ जाती है। खराब सड़क के कारण समय पर वाहन नहीं पहुंच पाता और लोगों को मरीज को कंधे या चारपाई के सहारे मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है।

महिला सरपंच ने कहा- पंचायत स्तर से प्रस्ताव भेजे गए

ग्राम पंचायत सालीवाड़ा शारदा की सरपंच माया चंदन पटेल ने बताया कि खजरी मोहल्ला की सड़क को लेकर पंचायत की ओर से लगातार प्रयास किए गए हैं। उनके अनुसार सड़क निर्माण के लिए बार-बार प्रस्ताव बनाकर जनपद पंचायत के इंजीनियर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयदेव शर्मा को भेजे गए हैं।सरपंच के मुताबिक जनपद पंचायत स्तर से बताया गया कि सड़क की लंबाई करीब ढाई किलोमीटर होने के कारण इसका निर्माण पंचायत के उपलब्ध बजट से संभव नहीं है। सड़क का मामला लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को भेजे जाने की जानकारी दी गई है। पंचायत की ओर से आवश्यक कार्रवाई किए जाने के बाद अब सड़क निर्माण की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के स्तर पर है।सरपंच माया चंदन पटेल ने कहा कि पंचायत भी चाहती है कि सड़क का निर्माण जल्द से जल्द हो, ताकि ग्रामीणों को बारिश के मौसम में इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

पंचायत ने प्रयास किए, लेकिन समाधान नहीं निकला

पंचायत के सरपंच, सचिव इंद्र कुमार धुर्वे और सहायक सचिव मंजू प्रसाद वर्मा द्वारा सड़क निर्माण को लेकर अधिकारियों को जानकारी देने और प्रस्ताव भेजने की बात कही गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क को लेकर कई बार मौखिक और लिखित रूप से समस्या अधिकारियों के सामने रखी गई, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ।ग्रामीणों के मुताबिक हर बारिश में सड़क की स्थिति खराब हो जाती है। गर्मी और सामान्य मौसम में किसी तरह आवागमन हो जाता है, लेकिन बारिश शुरू होते ही रास्ता कीचड़ में बदल जाता है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वालों को भी परेशानी होती है।

खेत-मजदूरी छोड़ कंधों पर उठानी पड़ी चारपाई

मंगलवार सुबह ग्रामीणों के लिए भी यह सामान्य दिन नहीं था। किसी को खेत जाना था तो कोई मजदूरी के लिए निकलने की तैयारी में था। लेकिन प्रसव पीड़ा से परेशान महिला को अस्पताल तक पहुंचाना प्राथमिकता बन गया। ग्रामीणों ने अपने काम छोड़कर चारपाई उठाई और महिला को सुरक्षित मुख्य मार्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया।ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सड़क जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में उन्हें इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ना चिंता का विषय है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण केवल आवागमन की सुविधा का मामला नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर ग्रामीणों की स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच से जुड़ा हुआ है।

ग्रामीणों ने उठाए सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि जब सड़क खराब होने के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकती तो आपातकालीन स्थिति में ग्रामीण आखिर किस व्यवस्था पर भरोसा करें। प्रसव पीड़िता को अस्पताल पहुंचाने के लिए चारपाई का सहारा लेना पड़ा। ऐसे में सवाल यह भी है कि यदि किसी बुजुर्ग, गंभीर मरीज या दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की जरूरत पड़े तो क्या होगा?ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की वास्तविक स्थिति का मौके पर निरीक्षण कराने और बारिश के दौरान तत्काल आवागमन योग्य व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक स्थायी सड़क का निर्माण नहीं होता, तब तक कम से कम ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे एंबुलेंस और अन्य जरूरी वाहन मोहल्ले तक पहुंच सकें।

जिला स्तर पर आवेदन देने की तैयारी

ग्रामीणों का कहना है कि अब वे सामूहिक रूप से जिला स्तर पर अपनी समस्या उठाने की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार बैठक कर निर्णय लिया गया है कि एकत्र होकर कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया जाएगा। इसके साथ ही सड़क की समस्या को जिला स्तर तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों और मीडिया के माध्यम से भी आवाज उठाई जाएगी।ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें किसी बड़ी घोषणा की आवश्यकता नहीं है। उनकी मांग केवल इतनी है कि खजरी मोहल्ला तक ऐसी सड़क बने, जिस पर बारिश के दिनों में भी ग्रामीण और आपातकालीन वाहन सुरक्षित तरीके से पहुंच सकें। मंगलवार की घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि विकास की योजनाओं के बीच गांवों की बुनियादी जरूरतों का समाधान कब होगा।

पीएम के जन्मदिन पर हर घर दीपक आव्हान के तहत आमजनों को किया दियों का वितरण

छिन्दवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी के तहत छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में बूथ स्तर तक एक दीया आशीर्वाद का जलाकर आमजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन के अवसर पर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर सांसद बंटी विवेक साहू ने छिन्दवाड़ा शहर के वार्ड नंबर 11 एवं 26 में पहुंचकर हर घर दीपक आव्हान के तहत आमजनों को दियों का वितरण करते हुए 17 सितंबर की शाम अपने-अपने घरों में दिये जलाकर एक दीया आशीर्वाद के नाम जलाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद देने का आव्हान किया है। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने आमजनों से कहा कि एक दीया आशीर्वाद का जलाकर, जिसने हमारा जीवन सँवारा ऐसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करे। उन्होंने आमजनों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जा रहा हैं। इस अवसर पर आमजनों के द्वारा जलाया जाने वाला एक दीया आशीर्वाद का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित रहेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन, सेवा और राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक दीया आशीर्वाद का जलाए और उन्हें आशीर्वाद दे।

तामिया पंचायत में महिला नेतृत्व से विकास को गति

दूसरी बार सरपंच बनीं बिशनिया भारती, सड़क-नाली से लेकर पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था पर जोर, पूरे पंचायत क्षेत्र में लग रही स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी का उद्देश्य उन्हें पंचायत नेतृत्व की मुख्यधारा में लाना है। तामिया जनपद पंचायत जैसे आदिवासी क्षेत्र में भी महिला सरपंचों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जनपद की 56 पंचायतों में 29 सरपंच महिला आदिवासी हैं। इसी कड़ी में जनपद मुख्यालय ग्राम पंचायत तामिया की सरपंच बिशनिया भारती लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुई हैं। उनके समर्थकों के अनुसार पूर्व कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों और ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं के चलते उन्हें दोबारा नेतृत्व का अवसर मिला।

पांच दिन में पेयजल आपूर्ति

तामिया ग्राम पंचायत में पेयजल व्यवस्था को लेकर भी पंचायत द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। पंचायत के अनुसार ग्रामीणों को पांच दिन के अंतराल पर पानी उपलब्ध कराया जाता है। छोटा महादेव क्षेत्र पंचायत का प्रमुख पेयजल स्रोत है। पंचायत का दावा है कि उपलब्ध संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के चलते ग्रामीणों को पेयजल के लिए बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।स्वच्छता पर विशेष ध्यानस्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत क्षेत्र में प्रतिदिन सफाई कराई जा रही है। कचरा वाहन के माध्यम से घरों और सार्वजनिक स्थानों से कचरा एकत्र कर निर्धारित कचरा संग्रहण स्थल तक पहुंचाया जाता है। कचरे से दुर्गंध और प्रदूषण न फैले, इसके लिए करीब 10 लाख रुपए की लागत से बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया गया है। पशुओं को कचरे तक पहुंचने से रोकने की व्यवस्था भी की गई है। वहीं वर्षों पुराने सार्वजनिक शौचालय के नवीनीकरण की प्रक्रिया भी पंचायत द्वारा किए जाने की बात कही गई है।

सड़क-नाली और पुलिया निर्माण पर जोर

सरपंच के नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सीमेंट सड़क, नाली और पुलिया सहित कई मूलभूत निर्माण कार्य कराए गए हैं। पंचायत का कहना है कि इन कार्यों का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर आवागमन और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पंचों के सहयोग, अधिकारियों के मार्गदर्शन और सचिव की सहभागिता से विकास कार्य आगे बढ़ाए जा रहे हैं।

त्योहारों के दौरान रोशनी से सुरक्षा

वर्तमान में पंचायत क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम भी जारी है। बिजली के खंभों पर एलईडी लाइट और प्रमुख चौराहों पर मरकरी लाइट लगाई जा रही हैं। पंचायत के अनुसार बारिश के मौसम और त्योहारों के दौरान रात में आवागमन करने वाले ग्रामीणों को इससे सुविधा मिलेगी। तीजा, गणेशोत्सव और आगामी नवदुर्गा उत्सव को देखते हुए पूरे तामिया में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को व्यापक रूप दिया जा रहा है।

'अमृत हरित महाअभियान' व 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत हुआ वृहद पौधरोपण

छिंदवाड़ा। भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिवस (अभियंता दिवस) के अवसर पर नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के समस्त अभियंताओं (इंजीनियरों) द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। निगम के इंजीनियरों ने इमलीखेड़ा में नवनिर्मित हो रहे अग्निशमन केंद्र (फायर स्टेशन) परिसर में एकत्र होकर 'अमृत हरित महाअभियान' तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया। महान अभियंता सर एम. विश्वेश्वरैया के योगदान को याद करते हुए नगर निगम के तकनीकी अमले ने निर्माण एवं विकास कार्यों के साथ-साथ प्रकृति एवं पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान फायर स्टेशन परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार पौधे लगाए गए तथा उनकी सुरक्षा एवं नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी ली गई। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम छिंदवाड़ा के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उप यंत्री एवं समस्त तकनीकी/ इंजीनियरिंग स्टाफ सहित निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

ऑनलाइन गेमिंग के कर्ज ने उजाड़ा परिवार!

12 लाख के लोन के बाद भी बढ़ती रही पैसों की जरूरत, पारिवारिक विवाद में पिता की हत्या, छोटा भाई ICU में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरेठ

ऑनलाइन गेमिंग के चलते बढ़ते कर्ज और पैसों की लगातार बढ़ती जरूरत ने एक परिवार को ऐसे विवाद में धकेल दिया, जिसका अंत खूनी वारदात में हुआ। उमरेठ थाना क्षेत्र के हेटी गांव में रात करीब 2 बजे पारिवारिक विवाद के दौरान 58 वर्षीय राम गणेश पवार की हत्या कर दी गई। वहीं उनके छोटे भाई चंदू पवार (31) पर भी हमला हुआ, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चंदू का ICU में उपचार चल रहा है। वारदात का आरोप अरुण पवार (33) पर है, जो घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है।

पुलिस ने शुरू की जांच, आरोपी की तलाश जारी

घटना की सूचना मिलते ही उमरेठ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम रवाना की गई है। मामले में **BNS** की धारा 103(1) और 109(1) के तहत कार्रवाई की जा रही है।ऑनलाइन गेमिंग के कारण बढ़ता कर्ज, परिवार से लगातार पैसों की मांग, पहले से चल रहा पारिवारिक विवाद और इसके बाद हुई हिंसक वारदात ने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है। पुलिस अब घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है और फरार आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

पहले 12 लाख का लोन, फिर खेत के खाते से भी कर्ज

जानकारी के अनुसार अरुण पवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए उसके पिता ने पहले करीब 12 लाख रुपए का लोन लेकर राशि उपलब्ध कराई थी। इसके बाद खेत के खाते से भी लोन करवाए जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन गेमिंग के कारण अरुण पर लगातार कर्ज बढ़ता गया और वह परिवार से बार-बार पैसों की मांग कर रहा था।इसी आर्थिक दबाव और पैसों को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बनी हुई थी। तीजा की रात भी परिवार में विवाद हुआ था। इसके बाद बीती रात एक बार फिर विवाद हुआ और देखते ही देखते मामला हिंसक हो गया।

पत्नी और बेटी के सामने हुआ विवाद

बताया गया है कि अरुण पवार अपनी पत्नी और बेटी के साथ छिंदवाड़ा में रहता था। घटना के समय परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। विवाद के दौरान राम गणेश पवार की मौत हो गई, जबकि चंदू पवार गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना से पहले पारिवारिक विवाद को लेकर अरुण की पत्नी सहित परिजनों द्वारा उमरेठ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की जानकारी भी सामने आई है। इसके बाद अरुण की ओर से आत्महत्या करने की बात वाला वीडियो जारी किए जाने की जानकारी भी सामने आई थी।

जेवर-नकदी लेकर फरार होने की जानकारी

वारदात के बाद अरुण पवार के घर से जेवर और नकदी लेकर फरार होने की बात सामने आई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही घटना के पीछे की परिस्थितियों, आर्थिक लेनदेन और विवाद की पूरी वजह स्पष्ट हो सकेगी।

बारिश में बहा रपटा, टूटे स्लैब ने खोली निर्माण की गुणवत्ता की पोल

पहली बारिश में ही बह गया रेत के बदले क्रेशर डस्ट से बना रपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

लोक निर्माण विभाग उपसंभाग तामिया में सड़कों और पुल-पुलियों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। विभाग के अधीन गिनी-चुनी सड़कों में चल रहे निर्माण कार्यों में ठेकेदारों पर मनमानी करने के आरोप लग रहे हैं। वर्तमान में बम्हनी से चाखला मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है, जहां सड़क के साथ पुल-पुलियों का निर्माण भी किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर आरोप है कि निर्माण में निर्धारित तकनीकी मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है।

बारिश ने खोली निर्माण की पोल

पिछले वर्ष कुआं बादला से नांदिया मार्ग पर डामरीकरण के साथ मार्ग में आने वाले रपटों और पुलियाओं का उन्नयन कार्य कराया गया था। इनमें कुर्सीढाना-भाड़ी के बीच बनाया गया रपटा बीती शाम हुई बारिश के बाद क्षतिग्रस्त होकर बह गया। रपटे का स्लैब बहने के बाद निर्माण में इस्तेमाल सामग्री भी सामने आ गई है। मौके पर दिखाई दे रहे स्लैब में नाममात्र का लोहा और निर्माण सामग्री में 40 एमएम की मिट्टी दिखाई देने की बात सामने आई है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में रेत के स्थान पर क्रेशर डस्ट का इस्तेमाल किया गया। इसके चलते रपटा पहली ही तेज बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया। बारिश के बाद टूटे स्लैब ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि इस मार्ग पर पिछले वर्ष बनाए या उन्नयन किए गए सभी रपटों और पुलियाओं की तकनीकी जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

जानकारी देने वाला शिलालेख आज भी कोरा

निर्माण स्थल पर लगाया गया सूचना फलक भी सवालों के घेरे में है। रपटा बह जाने के बाद भी मौके पर लगा शिलालेख कोरा पड़ा है। इसमें योजना का नाम, निर्माण लागत, ठेकेदार का नाम सहित अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज नहीं की गई है। इससे आम लोगों को निर्माण कार्य से जुड़ी बुनियादी जानकारी तक नहीं मिल पा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक निर्माण कार्यों में पारदर्शिता के लिए सूचना फलक पर आवश्यक जानकारी दर्ज होना जरूरी है।

दूसरे विभागों की जांच करने वाला विभाग खुद सवालों के घेरे में

लोक निर्माण विभाग को सड़क और भवन निर्माण में तकनीकी विशेषज्ञता वाला विभाग माना जाता है। इसी कारण अन्य विभागों अथवा पंचायतों के निर्माण कार्यों में शिकायत सामने आने पर कई बार तकनीकी जांच की जिम्मेदारी भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दी जाती रही है। लेकिन अब अपने ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है।बखारी ग्राम पंचायत के स्कूल भवन की बाउंड्रीवाल निर्माण की जांच और धूसावानी ग्राम पंचायत के राजढाना में सीमेंट रोड निर्माण की जांच जैसे मामलों में भी विभाग की भूमिका रही है। ऐसे में स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस विभाग के अपने कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं, उसके अधिकारियों द्वारा दूसरे विभागों के निर्माण कार्यों की जांच किस स्तर पर की जाती होगी, यह भी जांच का विषय है।स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से कुआं बादला-नांदिया मार्ग सहित बम्हनी-चाखला मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्यों की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने और दोष मिलने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

बस की टक्कर से गाय को 500 मीटर तक घसीटा

सौंसर। नगर में गौवंश की एक बेहद दर्दनाक और क्रूरतापूर्वक मौत ने एक बार फिर स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग और खास तौर पर श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर तेज गति से दौड़ते वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। तेज गति से आ रही गाड़ियों की स्पीड कम करने को लेकर यहां पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग को स्थानीय प्रशासन एवं अधिकारियों के द्वारा अनसुना किया जा रहा है जिसके चलते आए दिन यहां पर दुर्घटनाएं घटित हो रही है। बुधवार को एक तेज रफ्तार सफेद बस (वाहन क्रमांक एमपी 41 जे ई -3110) की चपेट में आने से एक गाय की भयानक मौत हो गई। गोसेवको का आरोप है कि टक्कर के बाद चालक ने बस नहीं रोकी और गाय को करीब 500 मीटर तक सड़क पर घसीटता चला गया। इस भीषण क्रूरता के कारण गाय के चारों पैर और शरीर की अंदरूनी हड्डियां बुरी तरह टूट गईं।जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चालक के नशे में होने की शिकायत भी सामने आई है, जिसकी निष्पक्ष जांच और मेडिकल परीक्षण की मांग की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद में तत्काल गोसेवकों ने पहुंचकर गाय का इलाज कराया है।इस घटना के बाद गोरक्षा के संगठनों और पशु प्रेमियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पशु क्रूरता समिति सदस्य वैष्णव खंडाईत (बजरंग दल प्रखंड सह-संयोजक विशाल धकाते के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सौसर थाने पहुंचकर त्वरित एफआईआर दर्ज करने और दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी, के साथ ही श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर तेज गति से अरे वाहनों की गति कम करने के लिए स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रमों सहित अन्य आयोजनों में होंगे शामिल

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू आज 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों सहित जिले में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। सांसद श्री साहू सुबह 7:30 बजे प्रतिदिन की भांति छिन्दवाड़ा शहर के वार्ड नंबर 09 मोहरली में पौधारोपण करेंगे। सुबह 10:30 बजे मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ करेंगे।

कार्यालय बहु.प्राथ.कृषि साख सहकारी समिति मर्या पांजरा
तहसील चौरई जिला छिन्दवाड़ा

पंजीयन क्रमांक 480 **वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना** दिनांक 31/12/1994
दिनांकः 05/09/2026

बहु.प्राथ.कृषि साख सहकारी समिति मर्या पांजरा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है। कि साधारण आमसभा की बैठक दिनांकः 26/09/2026 दिन शनिवार समय दोपहर 2:00 बजे से स्थान समिति कार्यालय पांजरा में आयोजित की जायेगी। जिसमें निम्न विषयों पर विचार करके निर्णय लिया जाना है। अतः आप की उपस्थिति प्रार्थनीय है। (1) आगामी वर्ष 2026-27 के लिये क्रियाकलापों पर विचार। (2) संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन यदि कराया जाना अपेक्षित हो गया है। (3) प्राप्त संपरिक्षा (ऑडिट) रिपोर्ट वर्ष पर विचार। (4) वर्ष के शुद्ध लाभ के व्ययन बाबत विचार। (5) आगामी सहकारी वर्ष 2026-27 के लिये बजट स्वीकृत करने बाबत विचार। (6) वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्य संचालन के कारण हुए घाटे के कारणों का परीक्षण करने बाबत विचार। (7) वर्ष 2026-27 लेखाओं की संपरिक्षा करने के लिये विभागीय आडिटर की नियुक्ति करने बाबत। (8) अन्य विषय प्रशासक महोदय की अनुमति से

टीपः गण पूर्ति (कोरम) के अभाव में आम सभा आधे घंटे स्थगित की जाकर उपरोक्त दिनांक व स्थान पर पुनः प्रारंभ की जावेगी। जिसमें गण पूर्ति की आवश्यकता नही होगी।

श्री मोहनप्रसाद पांडे (प्रबंधक) **श्री आरिफ कुरैशी (प्रशासक)**
बहु.प्राथ.कृषि साख सह. समिति मर्या. पांजरा

विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

सांदीपनि विद्यालय पांढुर्णा में आज 16 सितंबर को विकासखंड के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों तथा माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी जे. के. ईरपाची, ए.डी.पी.सी. राजीव साठे और सहायक परियोजना अधिकारी भानु गुमास्ता उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों ने पांढुर्णा विकासखण्ड के विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक एवं विभागीय गतिविधियों की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में अध्यापन व्यवस्था, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और परीक्षा परिणामों में सुधार, शासकीय योजनाओं में छात्रवृत्ति, एमपी टास छात्रवृत्ति, इंस्पायर अवार्ड, स्कूटी वितरण तथा सेवा संकल्प अभियान का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना जैसे विषय शामिल रहे। प्रशासनिक एवं डिजिटल कार्यों में यू-डायस पोर्टल अपडेट, सी.एम. हेल्पलाइन प्रकरणों का निवारण और विद्यालय भवनों की स्थिति पर बैठक के दौरान चर्चा हुई। अधिकारियों ने विद्यालयवार प्रगति की जानकारी ली और सामने आई व्यावहारिक समस्याओं पर चर्चा कर उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों की उपस्थिति से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस समीक्षा बैठक में सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य सी. एस. बरेठ मौजूद रहे।

विश्वकर्मा पूजन दिवस पर सांसद ने दी शुभकामनाएं

सृष्टि निर्माण के साथ-साथ समाज के लिए त्याग के प्रतीक भगवान विश्वकर्मा: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वेदों में भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि रचियता की उपाधि दी गई है। सृष्टि निर्माण के बाद इस धरा पर जितने भी अस्त्र-शस्त्र निर्मित हुए हैं वे सभी भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित है। उनका जीवन बहुत ही त्यागमय था। आज के परिवेश में सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। यह बात छिंदवाड़ा-पांढुर्णा सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किए।

सांसद श्री साहू ने विश्वकर्मा पूजन दिवस पर समस्त विश्वकर्मा समाज के साथ यांत्रिक व कर्मकार से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में भगवान विश्वकर्मा का पूजन बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ धूमधाम से किया जाता है। खासकर औद्योगिक और यांत्रिक व्यवसाय जगत में भगवान विश्वकर्मा का पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है कि हम जो सभी निर्माण करें वह विश्व में श्रेष्ठ हो। बड़े ही गजब का संयोग है कि आज 17 सितंबर को ही हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी जन्मदिन है।

सांसद श्री साहू ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने जैसे श्रेष्ठ सृष्टि का निर्माण किया, वैसे ही हमारे प्रधानमंत्री भी श्रेष्ठ भारत के निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। मैं भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना करता हूं कि वे हमारे प्रधानमंत्री को इतना बल प्रदान करें कि वे भारत को विश्वगुरू बनाए, साथ ही सभी जिलेवासियों से मैं आग्रह करना चाहता हूं कि हमारे देश के स्वनिर्मित उत्पादों को ही खरीदे जिससे हम आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर सके। स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी बढ़ेगी तो हमारे देश के उद्योग धंधे फलेंगे-फूलेंगे और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

सांसद बंटी विवेक साहू ने आगे कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रारंभ की गई विश्वकर्मा योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले जिससे वे स्वरोजगार कर देश की उन्नति में अपना योगदान दे सके।

लघुकथाकार पवन शर्मा सेवानिवृत शिक्षक को हुआ सम्मान

जुन्नारदेव : नगर के शासकीय नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय से सेवानवृत्त हुए शिक्षक लघु कथाकार का सम्मान कर अभिनंदन किया गया। यह आयोजन सिरसा हरियाणा में आयोजित हुआ था। लघुकथा सम्मेलन में जुन्नारदेव के वरिष्ठ लघुकथाकार पवन शर्मा सेवानिवृत शिक्षक को श्री खुशीराम देवगुण स्मृति लघुकथा सम्मान से सम्मानित किया। हिंदी दिवस के अवसर पर देश भर से आए लघुकथा से जुड़े लघुकथाकारों, समालोचकों की उपस्थिति में हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं हरियाणा प्रादेशिक लघुकथा मंच, सिरसा के संरक्षक डॉ. रूप देवगुण, संयोजक डॉ. शील कौशिक एवं ललित मोहन जैन ने पवन शर्मा को अंगवस्त्र, प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न एवं सम्मान राशि से इस प्रतिष्ठित सम्मान से विभूषित किया। इस अवसर पर हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित अनेक राज्यों के लघुकथाकारों ने शिरकत की। इस अवसर पर डॉ. ध्रुव कुमार - पटना, सुरेंद्र अरोड़ा - साहिबाबाद, विजय शर्मा - कोटा, अंजना गर्ग - रोहतक, विभा कुमरिया शर्मा - लुधियाना, नीना छिब्बर - जोधपुर, मंजू शर्मा - जोधपुर एवं रूप देवगुण को भी लघुकथा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

आज चौरई में सजेगा भगवान विश्वकर्मा जयंती का दरबार

चौरई। भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर आज 17 सितंबर को चौरई में सकल विश्वकर्मा समाज समिति के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जयंती समारोह को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है।कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे भगवान विश्वकर्मा जी की स्थापना, पूजन एवं अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे हवन पूर्णाहुति एवं आरती होगी। शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके पश्चात समाजजनों के लिए भोज का आयोजन रहेगा।वहीं शाम 8 बजे से रात 11 बजे तक भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न कलाकारों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की भक्ति में प्रस्तुतियां दी जाएंगी।समिति द्वारा जयंती समारोह में समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत छात्रावास में हुआ वृक्षारोपण

उमरेठ। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत परासिया विधानसभा के उमरेठ मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरेठ स्थित अनुसूचित जाति छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र डेहरिया, छात्रावास अधीक्षक यशवंत सूर्यवंशी, भाजपा मंडल महामंत्री संदीप सोनी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मयुर सोनी एवं ग्राम पंचायत उमरेठ के उपसरपंच विशाल बन्देवार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया।इस अवसर पर युवा मोर्चा मंडल महामंत्री प्रविण सन्नी चौरसिया, विनोद सोनी, फरदीन खान, सुखराम मालवीय, महेंद्र राजपूत, नरेंद्र बघेल एवं सोनू साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण तैयार करने की जिम्मेदारी भी है।

जाम क्षेत्र में हिरणों से त्रस्त किसानों का फूटा गुस्सा

वन विभाग कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन और सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

क्षेत्र के किसान इन दिनों वन्य प्राणियों और विशेषकर हिरणों द्वारा खेतों में लगी खड़ी फसलों को लगातार पहुँचाए जा रहे भारी नुकसान से बेहद परेशान हैं। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि अन्नदाताओं की महीनों की मेहनत आंखों के सामने बर्बाद हो रही है। वन विभाग के अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने के बावजूद जब समस्या का कोई समाधान नहीं निकला, तो आक्रोशित किसानों का सब्र टूट गया। किसानों ने बाध्य होकर बुधवार को सौसर वन विभाग कार्यालय के सामने बैठकर जोरदार

नारेबाजी विरोध प्रदर्शन किया, तथा समस्याओं के समाधान हेतु एक कड़ा ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे पीड़ित किसानों ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि पिछले दो महीनों से लगातार जंगली जानवर खेतों में घुसकर कपास,तुअर, मक्का और अन्य मौसमी फसलों को तहस-नहस कर रहे हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना पड़ रहा है। पूर्व में भी कई बार लिखित एवं मौखिक तौर पर वन और राजस्व विभाग को इसकी सूचना दी गई थी, परंतु प्रशासनिक अनदेखी के कारण संकट दिन-प्रतिदिन और अधिक गहराता जा रहा है। ज्ञापन में किसानों ने खेतों और फसलों की सुरक्षा के लिए वन्य प्राणियों का स्थायी व पूर्णकालीन प्रबंधन करने,वर्तमान स्थिति का आकलन कर प्रभावित किसानों को समय पर फसल क्षति का उचित मुआवजा देने की माग की गई है।इस दौरान किसान राहुल आखरे, विजय सहस्त्रबुद्धे, पृथ्वीराज बसोड़, कपीश जोजाल, ज्ञानेश्वर बसोड़, नामदेव काकड़े आदि मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने व्यक्त किया गहरा दुख, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी निजाम भाई मंसूरी का इंतकाल

सौंसर। बुधवार की सुबह सौसर के जाने-माने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी सहयोगी हाजी निजाम भाई मंसूरी (78 वर्ष) का अचानक हृदय गति रुकने से इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे शहर और राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। मरहूम हाजी निजाम भाई अपने पीछे पुत्र इरफान, इरशाद और एक भरा-पूरा शोक संतप्त परिवार छोड़ गए हैं।दोपहर की नमाज के बाद छिंदवाड़ा मार्ग स्थित उनके निज निवास से उनका जनाजा निकाला गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर अपनी नम आंखों से खिराजे-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की। इसके पश्चात वार्ड क्रमांक 8 स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दुखद घड़ी में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने दूरभाष के माध्यम से शोक संतप्त परिजनों से चर्चा की। उन्होंने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपना एक पुराना साथी और निष्ठावान कांग्रेस कार्यकर्ता खोने का दर्द बया किया। मरहूम हाजी निजाम भाई का राजनीतिक सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है। 1980 के दशक में जब कमलनाथ जी अपने प्रथम संसदीय क्षेत्र आगमन पर सौसर आए थे, तब छिंदवाड़ा मार्ग पर स्थित निजाम भाई की मंडी में ही कांग्रेस की पहली ऐतिहासिक बैठक संपन्न हुई थी। उन्होंने आजीवन कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से काम किया। विधानसभा, लोकसभा स्थानीय नगरीय निकाय चुनावों में उनकी भूमिका हमेशा मार्गदर्शक रही है।

भीषण आगजनी, संयुक्त परिवार का आशियाना जलकर खाक, 4 घायल, 20 लाख का नुकसान

पीड़ित परिवार की मदद के लिए प्रशासन आया आगे

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत महकेपार में 15 सितंबर की सुबह करीब 7 बजे भीषण आगजनी की घटना ने दो सगे भाइयों के परिवार को तबाह कर दिया। नारायण कोटेकार के संयुक्त परिवार के आवास में अज्ञात कारणों से लगी आग में सबकुछ जलकर राख हो गया, वहीं परिवार के 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार आगजनी की यह वारदात ईशु कोटेकार और शिवराम कोटेकार के घर में हुई। दोनों सगे भाई हैं। ईशु कोटेकार घर पर ही बर्तन की दुकान संचालित करते थे, जबकि शिवराम कोटेकार प्लास्टिक दुकान चलाते हैं। सुबह जब परिवार के अधिकांश सदस्य नींद में थे, तभी अचानक घर में आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयावह थी कि घर में रखी खाने-पीने की सामग्री, ओढ़ने-बिछाने के कपड़े, बिस्तर, बर्तन, नगदी रकम, सोने-चांदी के जेवर, टीवी, फ्रिज, कूलर सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दुकान का

पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक तौर पर करीब 20 लाख रुपये की क्षति का अनुमान लगाया गया है। इस हादसे में ईशु कोटेकार की पुत्री और शिवराम की पुत्री तेजस्विनी व अंकिता गंभीर रूप से घायल हुई हैं, जिन्हें आंखों के सामने धुंधलापन की शिकायत है। वहीं शिवराम कोटेकार का पैर जल गया है और धुएं के कारण फेफड़ों में इंफेक्शन फैल गया है। सभी घायलों को भंडारा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

घटना के दूसरे दिन 16 सितंबर बुधवार को एसडीएम विजय यादव के निर्देश पर तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि आवासीय मकान अज्ञात कारणों से लगी आग में पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसमें खाद्यान्न सामग्री, बिस्तर, कपड़े सहित समस्त गृह सामग्री जलकर नष्ट हो गई। इस दौरान सरपंच युवचंद सोनवाने, जनपद सदस्य विनोद पंचभाई, तिरोड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे। तहसीलदार राहंगडाले ने बताया कि राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत तत्काल राहत के रूप में पीड़ित परिवार को 50 किलो खाद्यान्न प्रदान किया गया है। साथ ही अस्थाई निवास के लिए ग्राम महकेपार के सामुदायिक भवन में व्यवस्था कराई गई है, जहां 8 पलंग, गद्दे, चादर और तकिए उपलब्ध कराए गए हैं। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रकरण तैयार किया जा रहा है।

दीवारों में आई दरारे, छत से टपक रहा बरसात का पानी, शिकायत के बावजूद भी अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

बुदबुदा हायर सेकेन्डरी विद्यालय का भवन 10 वर्षो में हुआ जर्जर

शाला प्रबंधन समिति ने जनसुनवाई में की शिकायत, एक सप्ताह बाद भी डीईओ ने नहीं की कोई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम बुदबुदा में 10 वर्ष पूर्व बने शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूल की हालत बेहद जर्जर हो गई है। जिसके कारण स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों का जीवन खतरे में पड़ता हुआ नजर आ रहा है। इस स्कूल की दीवारों में दरारे पड़ गई है और क्षतों से कमरे के अंदर पानी टपक रहा है। जिससे विद्यार्थियों को पढऩे में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में विद्यालय प्राचार्य और समिति के पदाधिकारियों द्वारा कई बार शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय व तहसील स्तरीय अधिकारियों को लिखित व मौखिक रुप से शिकायतें की गई है। लेकिन उसका कुछ भी परिणाम नहीं निकला है। जिसके बाद विद्यालय शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय कुमार पटले, समिति सदस्यों, जिला पंचायत बालाघाट के पूर्व सदस्य अशोक मरार व ग्रामीणों ने एक लिखित शिकायत कलेक्टर बालाघाट की जनसुनवाई में 8 सितम्बर 26 को देते हुए विद्यालय की व्यवस्थाओं को ठीक करने और विद्यालय की मरम्मत करवाने की मॉग की है।

शाला विकास समिति अध्यक्ष संजय पटले व जिला पंचायत पूर्व सदस्य अशोक मरार ने बताया कि शासकीय हायर सेकेन्डरी विद्यालय बुदबुदा के नवीन भवन का निर्माण लगभग 10 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान योजना के तहत लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक एक पीयूआई द्वारा करवाया गया था। भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री रेत, सीमेंट ईट आदि का उपयोग किया गया। जिसके कारण पिछले 5 वर्षो से यह भवन धीरे धीरे कर जर्जर होने लगा और आज यह खतरनाक स्थिति में पहुँच चुका है। भवन की दीवारें चटक चुकी है और छत से पानी टपकने की वजह से प्लास्टर गिर रहा है। भवन की खिड़कियॉ व दरवाजे गुणवत्ताहीन होने के कारण टूट चुके है और कमरों के फर्श उखड़ कर टूट फूट गए है। विद्यार्थियों के शौचालय कक्ष जर्जर होकर टूट फूट रहे है, बरसात के दिनों में आई कक्ष के अंदर रखे हुए दस्तावेज, लेपटॉप व कम्प्यूटर इत्यादि छत से टपकने वाले पानी के कारण खराब हो रहे है। जिन कमरों में विद्यार्थी पढने के लिए बैठते है, उन कमरों की छत से टपकने वाला पानी उनके बैठने की कुर्सी एवं पढऩे के टेबल पर गिरता है, जिससे उन्हें पढ़ाई करने में परेशानी होती है।इस संबंध में की गई शिकायत में शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर से मॉग की है कि भवन निर्माण कार्य की तकनीकी टीम से उच्चस्तरीय जॉच करवाई जाये और दोषी ठेकेदारों सहित संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाये।

शिकायतकर्ता संजय पटेल व अशोक मरार ने बताया कि कलेक्टर बालाघाट द्वारा 8 सितम्बर को ही जिला शिक्षा अधिकारी धनश्री जैन को शिकायत पर कार्यवाही करने के लिए भेजा गया था और उनकी जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा भी हुई थी। उन्होंने शीघ्र ही जॉच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया था। किंतु एक सप्ताह बीतने के बाद भी उनके द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है।

स्वामित्व योजना की ई-केवाईसी के बीच शासकीय जमीन पर घमासान, भानेगांव में लगा जनता दरबार

हनुमान मंदिर परिसर से लगी आबादी की जमीन पर नाम दर्ज होने को लेकर उठे सवाल, सरपंच राम ठाकरे ने ग्रामीणों के बीच खुली ग्रामसभा कर सामने रखी स्थिति; एक पक्ष ने लगाए गंभीर आरोप, दूसरा पक्ष पहुंचा एसडीएम और विधायक के दरबार

हरिभूमि न्यूज लांजी। ग्राम पंचायत भानेगांव में स्वामित्व योजना के तहत ई-केवाईसी और नाम सुधार अभियान के बीच आबादी एवं शासकीय भूमि को लेकर विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। हनुमान मंदिर परिसर के बाजू में स्थित कुछ आबादी एवं शासकीय खसरों में नाम दर्ज होने को लेकर ग्रामीणों के बीच सवाल खड़े हुए हैं। इसी मामले की स्थिति स्पष्ट करने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच राम ठाकरे ने ग्रामीणों के बीच विशेष ग्रामसभा एवं जनता दरबार आयोजित कर दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर दिया।मामला केवल जमीन के रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने तक सीमित नहीं है, बल्कि अब शासकीय भूमि, राजस्व रिकॉर्ड, मंदिर परिसर और कथित तौर पर नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। ग्रामीणों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि आखिर किन आधारों पर संबंधित भूमि के रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुए और पूरी प्रक्रिया किस तरह संपन्न हुई?शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत भानेगांव में स्वामित्व योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए सचिव, पटवारी, कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं रोजगार सहायक सचिव

सहित संबंधित अमले की टीम गठित कर प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।जानकारी के अनुसार नाम सुधार का कार्य पटवारी के माध्यम से किया जाएगा, जबकि समग्र आईडी की ई-केवाईसी रोजगार सहायक एवं सचिव द्वारा की जाएगी। इसी प्रक्रिया के दौरान पुराने रिकॉर्ड और वर्तमान स्थिति सामने आने के साथ जमीन से जुड़े कई सवाल भी ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं।

ग्राम पंचायत भानेगांव में हनुमान मंदिर परिसर के बाजू में स्थित कुछ आबादी एवं शासकीय खसरों को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों की ओर से आरोप लगाए गए हैं कि कुछ लोगों के नाम संबंधित भूमि में दर्ज किए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी और असमंजस की स्थिति बनी हुई है।कुछ ग्रामीणों द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि नाम दर्ज कराने में स्थानीय स्तर पर संबंधित लोगों की मिलीभगत रही। हालांकि साठगांठ के इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। यही वजह है कि अब ग्रामीण पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और रिकॉर्ड की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक किए जाने की मांग कर रहे हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम पंचायत भानेगांव के सरपंच राम ठाकरे ने ग्रामीणों के बीच विशेष ग्रामसभा आयोजित की। जनता दरबार में दोनों पक्षों को अपनी-अपनी बात रखने का अवसर दिया गया, ताकि जमीन से जुड़े विवाद और आपसी गलतफहमियों को ग्रामीणों के सामने स्पष्ट किया जा सके।सरपंच का कहना रहा कि सारी वास्तविकता ग्रामीणों के सामने आनी चाहिए और शासकीय भूमि से संबंधित स्थिति रिकॉर्ड एवं सर्वेक्षण के आधार पर स्पष्ट होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से खुले तौर पर ग्रामीणों के बीच चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास किया गया।जनता दरबार में दिलेश हनुमत ने ग्रामीणों के सामने अपनी समस्या और अपना पक्ष रखा। वहीं मामले से जुड़े दूसरे पक्ष द्वारा न्याय एवं उचित कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम एवं क्षेत्रीय विधायक के समक्ष अपनी बात रखने की जानकारी सामने आई है।अब मामला स्थानीय पंचायत स्तर की चर्चा से निकलकर प्रशासनिक स्तर तक पहुंचता दिखाई दे रहा है। ऐसे में राजस्व रिकॉर्ड, संबंधित खसरा, नामांतरण/नाम दर्ज करने की प्रक्रिया और भूमि की वास्तविक प्रकृति की जांच महत्वपूर्ण हो गई है।ग्रामीणों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि विवादित भूमि वास्तव में किस श्रेणी की है, रिकॉर्ड में किसका नाम दर्ज है, नाम किस आधार पर दर्ज किया गया और मौके की स्थिति राजस्व अभिलेखों से कितनी मेल खाती है?यदि भूमि शासकीय है तो उसके उपयोग एवं नाम दर्ज होने की प्रक्रिया की जांच आवश्यक होगी।

दु:खद समाचार: लांजी के वरिष्ठ किराना व्यवसायी मोहनलाल कालबेले का निधन

हरिभूमि न्यूज लांजी। लांजी नगर के प्रतिष्ठित एवं पुराने किराना व्यवसायी स्व. श्री मोहनलाल कालबेले का बुधवार 16 सितंबर 2026 को 90 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों, परिचितों एवं नगरवासियों में शोक की लहर है।स्व. मोहनलाल कालबेले लंबे समय से लांजी नगर में किराना व्यवसाय से जुड़े रहे और नगर के पुराने व्यवसायियों में उनकी पहचान रही। वे सरल एवं सहज स्वभाव के व्यक्ति के रूप में परिचित थे। उनके निधन से परिवार ने अपने वरिष्ठ सदस्य को खो दिया, वहीं नगर ने भी अपने पुराने व्यवसायी और सामाजिक परिचित व्यक्ति को खो दिया है।स्व. मोहनलाल कालबेले नगर परिषद लांजी की अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले के

ससुर तथा नगर परिषद लांजी के पूर्व उपाध्यक्ष श्री ताराचंद कालबेले के पिता थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही शुभचिंतकों एवं परिचितों द्वारा शोक संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं।17 सितंबर को होगा अंतिम संस्कारपरिवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व. मोहनलाल कालबेले की अंतिम देह संस्कार की प्रक्रिया गुरुवार 17 सितंबर 2026 को प्रातः 11 बजे के पश्चात लांजी स्थित कोटेश्वर मोक्षधाम में की जाएगी।परिजनों ने आत्मीयजनों, रिश्तेदारों एवं परिचितों से अंतिम यात्रा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का आग्रह किया है। 90 वर्ष की आयु में स्व. मोहनलाल कालबेले के निधन से लांजी नगर में शोक का वातावरण है।

सेवा संकल्प अभियान 2026 का 17 सितंबर को होगा शुभारंभ

वारासिवनी। शासन के दिशा निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में जनभागीदारी, स्वच्छता सेवा, जनकल्याण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने तथा नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नगरीय सेवाओं का प्रभावी लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान 2026 का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक नगर पालिका परिषद वारासिवनी द्वारा किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर 2026 को नागरिकों, हितग्राहियों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों सहित सभी वार्डों में आशीर्वाद का दीप प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घरों, दीनदयाल चौक, जय स्तंभ चौक एवं चंदनेश्वर शिव मंदिर घाट सहित वार्डों के प्रमुख स्थलों पर प्रज्वलित किए जाएंगे।

खबर संक्षेप

विश्वकर्मा जयंती समारोह आज विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। अखिल विश्व शिल्पकार भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी "श्री श्री 1008 श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह" का आयोजन किया जा रहा है।

समारोह 17 सितंबर 2026, गुरुवार को विश्वकर्मा मंदिर, महावीर वार्ड, सिवनी में आयोजित होगा। विश्वकर्मा (बढ़ई) समाज समिति सिवनी द्वारा आयोजित इस समारोह में समाज के लोगों की सहभागिता रहेगी। आयोजन समिति ने सामाजिक बंधुओं से समारोह को सफल बनाने के लिए यथासंभव सहयोग एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने की अपील की है। यह रहेगा कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक हवन पूजन। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक सामाजिक गोष्ठी एवं सामाजिक भवन का शेष कार्य पूर्ण कराने हेतु चर्चा। शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक भोजन एवं प्रसाद वितरण। समिति के अध्यक्ष सी पी सोनवाने ने समाज के सभी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान श्री विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

स्थानः विश्वकर्मा मंदिर, महावीर वार्ड, सिवनी दिनांकः 17 सितंबर 2026, गुरुवार।

नवयुवक दुर्गा गणेश समिति गुदमा ने की गणेश भगवान की स्थापना

बरघाट। समीपस्थ ग्राम गुदमा में नवयुवक दुर्गा गणेश पूजा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा गणेश उत्सव पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम गुदमा में समिति सदस्यों के द्वारा विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी की स्थापना की गई। समिति के तुषार पंवार ने बताया कि 10 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व के दौरान समिति के द्वारा भजन कीर्तन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले कुख्यात आरोपी को बरघाट पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार, भेजा जेल

दिनांक 13/09/2026 को प्रार्थिया निवासी वार्ड क्र. 02 मुंडापार थाना बरघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी सुमित बरमैया को संदेह था कि प्रार्थिया उसकी परिचित महिला मित्र को भडक़ा रही है जिसके चलते उसकी महिला मित्र आरोपी से बात नहीं कर रही है इसी संदेह के चलते आरोपी ने प्रार्थिया को सब्जी लेकर घर आने के दौरान रास्ता रोककर मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए जेब में रखे धारदार चाकू से जान से मारने की नियत से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना स्तर पर तत्काल टीम गठित कर फरार आरोपी की लगातार तलाश पतासाजी की गई। अथक प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने 4 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

नशे के अवैध कारोबार पर सख्ती के निर्देश, दवा दुकानों से लेकर अवैध शराब तक होगी सतत निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, अपर कलेक्टर श्री नीलमणि अग्निहोत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा की उपस्थिति रही। बैठक में जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण तथा नशा मुक्ति अभियान को गति देने के लिए विभागवार कार्रवाई एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने निर्देश दिए कि जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने स्तर पर सतत निगरानी रखें और आपसी समन्वय के साथ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने नशीले पदार्थों की उपलब्धता, अवैध बिक्री, परिवहन एवं उपयोग की रोकथाम के लिए विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से पालन करने तथा कार्रवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

औषधि निरीक्षक को जिले की दवा दुकानों का नियमित एवं

सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान दवा दुकानों के संचालन की स्थिति, उपलब्ध दवाइयों, दवाओं के रख-रखाव तथा उनके विक्रय की प्रक्रिया की जांच करने के लिए कहा गया। विशेष रूप से ऐसी दवाइयों की बिक्री एवं उपलब्धता पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, जिनका दुरुपयोग नशे के लिए किया जा सकता है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

आबकारी विभाग को जिले में अवैध रूप से शराब का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शराब के अवैध कारोबार से जुड़े संभावित क्षेत्रों एवं गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा शराब दुकानों के आसपास संचालित अनधिकृत आहातों को हटाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए कहा गया। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि शराब दुकानों के आसपास किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बढ़ावा न मिले।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को नशा मुक्ति अभियान को व्यापक रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य प्रभावी गतिविधियों के माध्यम से आमजन, विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया।

बैठक में नशे की रोकथाम के लिए प्रवर्तन कार्रवाई के साथ-साथ जनजागरूकता एवं नशा मुक्ति गतिविधियों को भी गति देने पर जोर दिया गया। संबंधित विभागों को अपने-अपने स्तर पर की जा रही कार्रवाई की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार आगे की कार्ययोजना तैयार करने तथा आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

सडक़ किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर, एक घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में मंगलवार रात राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर सडक़ हादसा हुआ। सडक़ किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक संजय नामदेव (46) घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि पीछे से टकराने वाले ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। हृ॥रद्ध की एंबुलेंस से घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक हादसे का शिकार हुआ ट्रक बेंगलुरु से मिल्क पाउडर लेकर ग्वालियर जा रहा था। चालक के अनुसार, लखनादौन के पास पहुंचते ही ट्रक के ब्रेक अचानक फेल हो गए। उसने वाहन रोकने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार के कारण ट्रक सडक़ किनारे खड़े दूसरे ट्रक से टकरा गया। घटना की सूचना मिलते ही लखनादौन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की जांच की और हादसे के कारणों का पता लगाना शुरू किया। शुरुआती तौर पर चालक ने ब्रेक फेल होने की बात कही है। पुलिस की तकनीकी जांच और अन्य पहलुओं की पड़ताल के बाद ही हादसे की वास्तविक वजह स्पष्ट होगी। हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर कुछ देर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस की निगरानी में दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सडक़ से हटाया गया, जिसके बाद ट्रैफिक सामान्य हो गया। पुलिस वाहन की तकनीकी जांच और चालक के बयान समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

ग्राम कोटकसा मे महिलाएं व पुरुषो ने सामूहिक नशा मुक्ति अभियान रैली निकाल ग्रामीणों को दिया संदेश

शराब बेचने वाले व पीने वाले उत्पादियों को करेंगे पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आदिवासी विकासखंड कुरई के अंतर्गत आने वाली बादल पार चौकी के ग्राम कोटकसा में 15 सितंबर मंगलवार को ग्राम की महिलाएं व पुरुषों ने सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया कि ग्राम में कोई भी व्यक्ति शराब निकाल कर नही बचेगा और नाही शराब पीकर उत्पाद मचाएगा अगर जो भी गांव में उत्पाद मचाएगा उन्हें समिति पकड़ कर पुलिस के हवाले किया जाएगा इसे लेकर आज गांव की महिलाएं एवं पुरुषों रैली निकाल कर घर-घर संदेश दिया।

इस दौरान बताया गया कि गांव में शराब से घर में शराब पीकर उत्पाद

मचाते हैं जिससे आए दिन रोज लड़ाई झगड़ा होते रहते हैं जिससे समाज धीरे-धीरे खोखला होते चला जा रहा है, जिसे अंकुश लगाना बहुत जरूरी हो गया है, महिलाएं घर में बहुत परेशान हो जाती है एवं पूर्व में कई बड़ी-बड़ी घटनाएं गांव में घटित हो चुकी है जिसे लेकर आज महिलाओं एवं पुरुषों ने पुलिस चौकी बादल पार को भी सूचना देकर गांव में बुलाई एवं पुलिस ने भी हर संभव मदद करने की बात कही ग्राम पंचायत सरपंच अनीता कुडापे,सचिव केके गोस्वामी चौकी प्रभारी इंजन सिंह मर्सकोले एवं आसपास की स्व सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित थी जिसमें गांव में शराब बंदी को लेकर लिया गया था निर्णय में गांव में कोई शराब बचेगा ना कोई पिएगा एवं जो पीके उत्पाद मचाएगी उसे पुलिस के हवाले किया जाएगा एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी इस दौरान गांव की रविता तिजरे ,सीमा देशमुख, रोशनी देशमुख , श्यामलता देशमुख, सविता सोनी,बिस्तो मालाधारी, राधा हिंगे, गीता मालाधारी, रुक्मणी वर्मा, रंजीत वर्मा, इतवारा वर्मा, गीता देशमुख ,सुनील सोनी, प्यारती परते, लक्ष्मी परते, बबीता कहार, ज्योति वर्मा, जूली वर्मा, बेबी वरकड़े सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया।

जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में चोरों का तांडवः एक ही रात में 5 घरों को बनाया निशाना, लाखों का माल पार

कान्हीवाड़ा सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने एक साथ पांच घरों को अपना निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के चांदी सोने के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद से स्थानीय रहवासियों और विद्यालय परिवार में दहशत का माहौल है। चोरों ने विद्यालय परिसर के भीतर स्थित पांच अलग-अलग आवासों को एक ही रात में निशाना बनाया। चोर घरों से सोने-चांदी के आभूषणों सहित नगदी रकम चुराकर फरार हो गए, जिससे पीड़ितों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रतिष्ठित और सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील माने जाने वाले जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर के अंदर

इस तरह की बड़ी चोरी होने से संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है, जिससे स्थानीय पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। घटना की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया, जो साक्ष्य जुटाने में जुटी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के इलाकों के संदिग्धों से पूछताछ के साथ ही चोरों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगातार हो रही इन वारदातों से लोगों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश भी देखा जा रहा है।

पेंच टाइगर रिजर्व में गाइडों का दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पेंच टाइगर रिजर्व के खवासा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कोर क्षेत्र के गाइडों के लिए दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। 11 एवं 12 सितंबर 2026 को आयोजित इस प्रशिक्षण में टुरिया, कर्माझिरी एवं जमतरा गेट के कुल 110 गाइडों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान गाइडों को पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में बाघ की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ-साथ पेंच क्षेत्र में पाए जाने वाले विभिन्न स्तनधारी, पक्षी, तितली एवं सरीसृप प्रजातियों की विशेषताओं और खाद्य श्रृंखला में उनकी भूमिका के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई।

गाइडों को पर्यटकों के साथ व्यवहार एवं संवाद, वाहन संचालन के नियम, भ्रमण के दौरान शोर न करने, कचरा प्रबंधन, निर्धारित मार्गों पर ही वाहन चलाने तथा वन्यजीवों को किसी भी प्रकार का व्यवधान न पहुंचाने संबंधी आचार संहिता की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में

ट्रांसलोकेशन एवं रिलोकेशन के बीच मूलभूत अंतर तथा वन्यजीव प्रबंधन में उनकी उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया।

इसके साथ ही इको-सेंसिटिव जोन में लागू प्रतिबंधों, निर्माण गतिविधियों पर नियंत्रण तथा पर्यटन से संबंधित विभिन्न दिशानिर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य गाइडों के वन्यजीव ज्ञान को अद्यतन करने के साथ-साथ पर्यटकों को बेहतर एवं जिम्मेदार पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए उनकी दक्षता में वृद्धि करना रहा। पर्यटन वर्ष की तैयारियों के अंतर्गत पेंच टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र के सभी प्रवेश द्वारों के गाइडों के लिए 15 सितंबर से अंग्रेजी भाषा का विशेष प्रशिक्षण भी प्रारंभ किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से गाइड देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के साथ अंग्रेजी भाषा में सहजता एवं आत्मविश्वास के साथ संवाद करने में सक्षम होंगे। पेंच प्रबंधन द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, गाइडों की कार्यदक्षता विकसित करने तथा वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

आपकी समस्या, हमारी प्राथमिकता - जनसुनवाई से सशक्त हो रहा पुलिस-जन संवाद

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने सुनी जन समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

अब थाना स्तर तक होगी जनसुनवाई, आमजन को मिलेगा स्थानीय स्तर पर ही न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी पुलिस द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं पुलिस-जनता के बीच सीधे संवाद को सशक्त बनाने हेतु संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई अब जिले की कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन गई है।

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के कुशल नेतृत्व में संवेदनशील एवं जवाबदेह पुलिसिंग की यह पहल जमीनी स्तर पर उल्लेखनीय परिणाम दे रही है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिवनी में आयोजित जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों से आए फरियादियों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी गईं। प्रत्येक आवेदक को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर दिया गया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम एवं प्रशिक्षु डीएसपी

जनसुनवाई के प्रमुख बिंदु

तात्कालिक समाधान - कई प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर विधिसम्मत निराकरण कराया गया, जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली। समयबद्ध एवं पारदर्शी कार्यवाही-शेष शिकायतों को संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों को प्रेषित कर निष्पक्ष जांच करते हुए निर्धारित समय-सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए गए। प्राथमिकता वाले प्रकरण-महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों एवं कमजोर वर्ग से संबंधित शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विकेन्द्रीकृत जनसुनवाई-आमजन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अब जनसुनवाई प्रक्रिया का विस्तार समस्त थाना एवं चौकी स्तर तक किया गया है, ताकि स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान संभव हो सके।

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान नागपुर में टेबल टेनिस कोच बने आदित्य शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

खेलों के क्षेत्र में गौरव का एक विषय और बरघाट के इतिहास में दर्ज हो गया है, ज्ञात हो कि बरघाट में अनेक वर्षों से खेल शिक्षक संदीप मिश्रा द्वारा टेबल टेनिस का प्रशिक्षण नगर पंचायत के सहयोग से प्रदान किया जाता है ,जिसके चलते नगर के खिलाड़ी प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर नगर एवं जिले के गौरव को बढ़ाने का कार्य करते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आदित्य शर्मा जो कि राष्ट्रीय स्तर तक खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं एवं उनके द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय टीम का मैनेजर के तौर पर स्टेट ऑफिशियल की भी भूमिका को बखूबी निभाया गया था और साथ ही राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला के द्वारा उन्होंने टेबल टेनिस कोच का सर्टिफिकेट कोर्स भी पूर्ण कर लिया था, जिसके चलते उन्हें ट्रिपल आईटी नागपुर द्वारा इंटरव्यू के उपरांत टेबल टेनिस कोच के तौर पर चयनित किया गया, जहां पर आदित्य शर्मा 15 सितंबर से इस संस्थान के लगभग 50 खिलाडिय़ों को अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, वह इन संस्थाओं की होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में नागपुर के इस प्रतिष्ठित संस्थान की हिस्सेदारी और विजय को सुनिश्चित करने का कार्य करेंगे ।इतने प्रतिष्ठित संस्थान पर टेबल टेनिस की कोच के तौर पर आदित्य के सेवाएं देने पर संदीप मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त की है और उन्होंने कहा कि वह आने वाले समय में उनके सिखाए हुए खिलाडिय़ों को देश के अनेक संस्थाओं में टेबल टेनिस की कोच के तौर पर स्थापित करने की मंशा रखते हैं ।

पीजी कॉलेज में 'युवा सृजन-संवाद' का दमदार आयोजन, पुलिस ने विद्यार्थियों से किया ज्ञान और संवाद का सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज सिवनी। राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर पीएम एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी का मुख्य सभागार उस समय हिंदी की शक्ति और संभावनाओं के संवाद से गूंज उठा, जब भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं सिवनी पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में 'युवा सृजन-संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित इस नवाचार में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। प्रभारी पुलिस नियंत्रण कक्ष सिवनी श्री ओमेश्वर ठाकरे मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री ठाकरे ने कहा कि हिंदी केवल विचारों को व्यक्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, ज्ञानार्जन और सृजनात्मक अभिव्यक्ति की प्रभावी भाषा है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी के अध्ययन, प्रभावी लेखन और वाचन में प्रवाह के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी की उपयोगिता, हिंदी के विकास की ऐतिहासिक यात्रा तथा बदलते तकनीकी दौर में हिंदी की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।

सिवनी में आप का बड़ा संगठन विस्तार, चारों विधानसभाओं में 128 कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। आम आदमी पार्टी ने सिवनी जिले में संगठन विस्तार को गति देते हुए जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में 128 कार्यकर्ताओं को विभिन्न संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश सह प्रभारी अखिलेश पति त्रिपाठी एवं जोन प्रभारी संतोष पप्पू छिलवाल के मार्गदर्शन तथा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह सनोडिया की अनुशंसा एवं नेतृत्व में यह संगठनात्मक विस्तार किया गया है। पार्टी जिला प्रवक्ता प्रफुल्ल बिटले ने बताया कि फिलहाल संगठन का विस्तार विधानसभा स्तर तक किया गया है। आगामी चरण में पंचायत और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। पार्टी का कहना है कि वह सिवनी जिले में भाजपा और कांग्रेस के अतिरिक्त एक राजनीतिक विकल्प के रूप में अपना संगठन तैयार कर रही है तथा पंचायत से लेकर लोकसभा स्तर तक चुनावों में संगठनात्मक रूप से भाग लेने की तैयारी की जा रही है।

आप के अनुसार स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सडक़, पंचायतों में पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही जैसे स्थानीय मुद्दे संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। इन मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं को जनता के बीच सक्रिय करने और स्थानीय समस्याओं को संगठन के माध्यम से उठाने की रणनीति पर भी काम किया जाएगा।

मीना जायसवाल को सिवनी, पूर्व डीएसपी रामस्वरूप पंद्रे को लखनादौन की जिम्मेदारी

संगठन विस्तार में सिवनी विधानसभा की जिम्मेदारी श्रीमती मीना जायसवाल को सौंपी गई है। पार्टी के अनुसार शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें विधानसभा संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी ने उनके सामाजिक योगदान से जुड़े सम्मान के रूप में डाक विभाग द्वारा 'माय स्टैम्प' जारी किए जाने का भी उल्लेख किया है। वहीं लखनादौन विधानसभा की जिम्मेदारी पूर्व डीएसपी रामस्वरूप पंद्रे को दी गई है। पुलिस एवं प्रशासनिक क्षेत्र में लंबे अनुभव के साथ सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे पंद्रे के अनुभव को पार्टी संगठनात्मक कार्यों में उपयोगी मान रही है।

सीताफल बनेगा किसानों की समृद्धि का आधार,शेष किसान शीघ्र कराएं पंजीयन

बाजार एवं निर्यात की संभावनाओं को लेकर शीघ्र आयोजित होगी जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

एक जिला-एक उत्पाद के तहत चयनित एवं जीआई टैग प्राप्त सिवनी जम्मो सीताफल जिले के किसानों की समृद्धि का आधार बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सीताफल की विशिष्ट पहचान को व्यापक बाजार से जोडऩे तथा किसानों को उत्पादन का बेहतर मूल्य दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में सीताफल से समृद्धि अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में सीताफल पौधों की गणना, सर्वेक्षण एवं उत्पादक किसानों के पंजीयन का कार्य कराया जा रहा है, जो अब अंतिम चरण में है। सिवनी जम्मो सीताफल को प्राप्त जीआई टैग

इसकी विशिष्ट पहचान को प्रमाणित करता है। इसके माध्यम से जिले के सीताफल को स्थानीय बाजार से आगे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने की व्यापक संभावनाएं हैं। अभियान के तहत इसी संभावना को किसानों की आय से जोडऩे के लिए सीताफल की पूरी मूल्य श्रृंखला विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। उत्पादन के साथ संग्रहण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन, ब्रांडिंग एवं विपणन को बढ़ावा देकर किसानों को बेहतर बाजार एवं बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

बाजार और निर्यात की संभावनाओं पर होगी कार्यशाला- अभियान के आगामी चरण में किसानों एवं सीताफल से जुड़े हितधारकों के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में सीताफल उत्पादक किसानों, विक्रेताओं, एफपीओ सदस्यों, खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों की सहभागिता रहेगी। नाबार्ड, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण सहित संबंधित संस्थाओं एवं विशेषज्ञों को भी जोड़ा जाएगा।

कार्यशाला में सीताफल की मार्केटिंग, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं निर्यात की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। किसानों को प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, वित्तीय सहायता, बाजार की मांग तथा बड़े खरीदारों एवं निर्यात बाजार से जुडऩे के अवसरों की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों, वित्तीय संस्थाओं, प्रसंस्करण उद्यमियों एवं बाजार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है, ताकि जीआई टैग प्राप्त सिवनी जम्मो सीताफल को एक मजबूत ब्रांड के रूप में विकसित किया जा सके।

16 विभागीय हाथी निभा रहे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

कान्हा टाइगर रिजर्व में हाथियों के पुनर्यौवन शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वन एवं वन्यजीव संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विभागीय हाथियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कान्हा टाइगर रिजर्व द्वारा हाथी पुनर्यौवन (रिजुविनेशन) शिविर का शुभारंभ मंगलवार को परिक्षेत्र सुपखार में किया गया। यह विशेष शिविर 15 से 20 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

शिविर का शुभारंभ कान्हा टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक रविन्द्र मनी त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सीआरपीएफ मंडला के कमांडेंट आलोक यादव, उप संचालक प्रकाश कुमार वर्मा, मोहगांव प्रोजेक्ट के संभागीय प्रबंधक विनोद जाखड़ सहित समस्त सहायक संचालक, वरिष्ठ वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी एवं वन अमला मौजूद रहा।

कान्हा टाइगर रिजर्व में वर्तमान में कुल 16 विभागीय हाथी हैं, जिनमें 9 नर, 6 मादा तथा एक नवजात हाथी शावक शामिल है। ये हाथी वर्षभर वन विभाग के साथ वन्यजीव संरक्षण, गश्ती, वन्यजीव अनुश्रवण और ट्रांसलोकेशन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में सहयोग करते हैं। मानसून के दौरान कठिन परिस्थितियों में भी इनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रहती है।

नियमित रूप से जिम्मेदारियां निभाने वाले हाथियों को कुछ समय के लिए कार्य से अलग रखकर उनके स्वास्थ्य एवं कल्याण पर विशेष ध्यान देने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में हाथियों को पर्याप्त विश्राम, पौष्टिक आहार तथा समूह में रहने और स्वाभाविक व्यवहार प्रदर्शित करने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।

स्वास्थ्य जांच के साथ मिलेगा पौष्टिक आहार

छह दिवसीय शिविर के दौरान प्रत्येक हाथी का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। वरिष्ठ वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी एवं चिकित्सकीय दल द्वारा आवश्यक जांच के साथ रक्त, मल एवं मूत्र के नमूने लिए जाएंगे। इन्हें आवश्यक परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। साथ ही हाथियों का शारीरिक माप भी निर्धारित प्रपत्र में दर्ज किया जाएगा। हाथियों की आवश्यकता के अनुसार उन्हें विशेष एवं पौष्टिक आहार दिया जाएगा। इसके अलावा शरीर एवं पैरों की मालिश, स्नान तथा दैनिक देखभाल के माध्यम से उन्हें आराम और शारीरिक स्फूर्ति प्रदान की जाएगी।

खेल गतिविधियों से मानसिक स्वास्थ्य पर जोर

शिविर में हाथियों को एक साथ रहने और भोजन करने का अवसर भी दिया जाएगा। दोपहर के समय महावत एवं चाराकटरों के साथ परिचयात्मक एवं खेल गतिविधियां कराई जाएंगी। इन गतिविधियों से हाथियों के सामाजिक व्यवहार को बनाए रखने के साथ उन्हें मानसिक रूप से सक्रिय एवं सहज रखने में मदद मिलेगी। प्रतिदिन सुबह हाथियों को जंगल से शिविर स्थल पर लाया जाएगा, जहां स्नान, शरीर एवं पैरों की मालिश सहित अन्य आवश्यक देखभाल की जाएगी। दिनभर की गतिविधियों के बाद शाम को भोजन कराकर उन्हें पुनः जंगल में छोड़ा जाएगा।

समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया 15 सितंबर से हुई प्रारंभ

जिले में 112 पंजीयन केंद्रों में किसान 10 अक्टूबर तक करा सकते है पंजीयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया 15 सितंबर से प्रारंभ हो गई है जो कि 10 अक्टूबर 2026 तक चलेगी। जिले में किसान पंजीयन के लिए समिति स्तर पर कुल 112 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। तहसीलवार पंजीयन केंद्रों की संख्या में बालाघाट में 7, किरनापुर में 14, लॉजी में 17, वारासिवनी में 19, खैरलांजी में 14, कटंगी में 12, लालबर्रा में 15, बैहर में 2, बिरसा में 7 तथा परसवाड़ा में 5 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। इनके अतिरिक्त अधिकृत सीएससी सेंटर, कियोस्क, एमपी ऑनलाइन एवं साइबर कैफे के माध्यम से भी

निर्धारित पंजीयन शुल्क 50 रुपये का भुगतान कर किसान अपना पंजीयन करा सकेंगे।

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किरनापुर पुलिस ने निकाला मार्च पास्ट

हरिभूमि न्यूज किरनापुर। जिला पुलिस अधीक्षक महोदय जी के मार्ग दर्शन में एसडीओपी और थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस थाना से फ्लैग मार्च की शुरुआत हुई। जो नगर के प्रमुख मार्गों से बड़गांव होते हुए निकाला गया।पुलिस अधिकारियों ने नगर के लोगों को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने प्रेरित किया। वही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किरनापुर पुलिस ने मार्च पास्ट किया। वहीं किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता की जरूरत पड़ने पर बेझिझक होकर पुलिस से संपर्क कर सूचना देने की बता कही। इस दौरान पुलिस ने दुकानों के सामने अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीओपी थाना प्रभारी एस आई सहित थाने का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

आहार अनुदान योजना के तहत 21 महिला हितग्राहियों को प्रतिमाह 1500 रुपये की स्वीकृति

बालाघाट। जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित शिविरों में आहार अनुदान योजना के लाभ से वंचित विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों की महिला मुखियाओं के नवीन आवेदन प्राप्त किए गए। प्राप्त आवेदनों के आधार पर कलेक्टर महोदय द्वारा जिले की कुल 21 महिला हितग्राहियों को आहार अनुदान योजना का लाभ प्रदान किए जाने हेतु प्रतिमाह 1500 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

सोनगुड्डा में जनसमस्या निवारण शिविर एक ही स्थान पर मिलीं कई शासकीय सेवाएं

बालाघाट। बिरसा विकासखंड के जनजातीय बहुल ग्राम सोनगुड्डा के हाट-बाजार में 16 सितम्बर को जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं और जरूरी दस्तावेजों से संबंधित सेवाएं गांव में ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाए गए शिविर में बड़ी संख्या में जनजातीय वर्ग के ग्रामीण अपने आवेदन लेकर पहुंचे। ग्रामीणों की सुविधा के लिए अलग-अलग विभागों के पृथक काउंटर बनाए गए थे। शिविर में संबल योजना में पंजीयन, आधार कार्ड बनाने एवं अपडेशन, समग्र आईडी, जन्म प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई गई।जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री तनुश्री मीना भी शिविर में पहुंचीं और विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिन मामलों का निराकरण मौके पर संभव नहीं है, उनमें संबंधित विभाग समय-सीमा में कार्रवाई पूरी कर हितग्राहियों को लाभ दिलाएं।

एबीवीपी ने छात्रसंघ चुनाव की मांग उठाई, रैली निकालकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर रैली निकाली। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर उच्च शिक्षा मंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया।परिषद ने दो महीने में चुनाव नहीं कराने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

एबीवीपी ने महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की मांग की है। नगर मंत्री कलश असाटी ने कहा कि लंबे समय बाद चुनाव की चर्चा शुरू होने से विद्यार्थियों में उत्साह था, लेकिन चुनाव में देरी से नाराजगी बढ़ रही है।परिषद का कहना है कि प्रत्यक्ष चुनाव से विद्यार्थी अपने प्रतिनिधियों का सीधे चुनाव कर सकेंगे। इससे छात्र प्रतिनिधि विद्यार्थियों की समस्याओं को सीधे उठाने की जिम्मेदारी ले सकेंगे। एबीवीपी ने जिले के महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं सुधारने की मांग भी की। इसमें बेहतर बैठक व्यवस्था, आधुनिक पुस्तकालय और साफ-सुविधाजनक शौचालय उपलब्ध कराने की मांग शामिल है। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए रैंप और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। परिषद ने जिन विषयों की नियमित कक्षाएं नहीं लग रही हैं, वहां शिक्षकों की व्यवस्था करने की बात कही। एबीवीपी ने सरकार से दो महीने के भीतर छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की है। परिषद ने कहा कि तय अवधि में चुनाव नहीं हुए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

जमुनिया बांध की स्थिति पर लगातार नजर, विधायक गौरव पारधी अधिकारियों से ले रहे लगातार अपडेट

आसपास के जंगलों मे अन्य जिलों के जुवाड़ियों की सुगबुगाहट!

बैहर में फिर सक्रिय हुआ जुआ गिरोह!

हरिभूमि न्यूज बैहर।

बालाघाट की बैहर तहसील जिसे अपराध का गढ़ भी माना जाता है, चोरी चकारी से लेकर हत्या तक के मामले दिन दहाड़े देखे जा चुके है, बाऊजूद इसके अपराध को जन्म देने वाले जुवे का खेल थमने का नाम ही नहीं ले रहा है, इसे जिम्मेदार अधिकारियो की लापरवाही कहे या रोजगार का अभाव, खैर मामला जो भी हो लेकिन दिन ब दिन बैहर और बैहर के आसपास क्षेत्रो मे बेतहासा जुवे का फड लाखो रुपयों का दांव लगाकर खिलाया जा रहा है, जानकारी अनुसार बता दे की बैहर से महज 10 किलोमीटर के दायरे मे जैसे मोहगांव, नेवरगाँव, बिरवा, डूडगाँव, सिंगबाग़, तुमड़ीभाट, छिंदी टोला, बम्हनी, परसाटोला उमरदेही, झारा, कुमादेही व अन्य स्थानों के जंगलों को चिन्हित कर अन्य जिलों से जुवाड़ियों का गिरोह लाखो रुपयों के दांव लगाकर आदिवासी अंचल क्षेत्रो का सौहाद्र बिगाड़ने मे कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

बैहर के जुवाड़ियों की संलिप्ता, बोरा फट्टी, गुटखा और पानी की पूरी व्यवस्था: बालाघाट के बैहर मे जुवाड़ियों का जुवा फड कोई नया नहीं है, समय के साथ साथ यहाँ जुवे के खेल मे उतार चढ़ाव देखे जा सकते है, बारिश के दिनों मे जुवे के खेल मे ग्रहण सा लग जाता है, मौसम साफ होते ही, बैहर के जुवारियो की संलिप्ता मे, सुनसान जंगलों को चिन्हित कर लाखो रुपयों का दांव लगाकर आपराधिक गतिविधियों को जन्म दे रहे है, सुत्रो से मिली जानकारी अनुसार यह भी बताया गया की जुवा खिलाने वाले बैहर के जुवाडी अन्य जिलों से आये मेहमान जुवाड़ियों के लिए, खेल को आकर्षण बनाने की मंशा से उनके लिए बोरा फट्टी, गुटखा सिगरेट और पानी की पूरी व्यवस्था की जाती है! वही जुवाड़ी के तीन से चार साथी रेकी भी करते है, ताकि पुलिस की दबिश होने से पहले चौकन्ना किया जा सके! आखिरकार इस तरह के अवैध गतिविधियों वाले खेल पर किस तरह से रोकथाम की जाएगी देखना अभी बाकी है।

बसपा द्वारा श्रद्धांजलि एवं आदिवासी मेला 19 को

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में अमर शहीद राजाशंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह जी के 196 वा बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं विशाल आदिवासी मेला 19 सितंबर 2026 को शहर के कमला नेहरू प्रांगण में आयोजित किया गया है,जिसके मुख्य अतिथि इजी.रामजी गौतम राज्यसभा सांसद एवं केंद्रीय कोआर्डिनेटर एवं मुख्य प्रभारी बसपा मध्यप्रदेश, विशेष अतिथि सुरेश रावजी केंद्रीय प्रदेश प्रभारी बसपा, विशिष्ट अतिथि जियालाल अहिरवार प्रदेश अध्यक्ष बसपा, एड. कमलेश कुमारजी मुख्य जोन प्रभारी,पूर्णेंद्र अहिरवार मुख्य जोन प्रभारी बसपा मध्यप्रदेश,उमाकांत बंदेवार जोन प्रभारी भोपाल, ज्ञानेश्वर गजभिए जोन प्रभारी भोपाल, सचिन बौद्ध जोन प्रभारी भोपाल, अजाब शास्त्री लोकसभा प्रभारी, तमसिंग परते लोकसभा प्रभारी बालाघाट उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इजी. महेंद्र जिला अध्यक्ष बसपा बालाघाट करेंगे। बैगा आदिवासी बच्चों की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की जाएगी। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने की अपील एड.राज्यपाल ऊके जिला महासचिव बसपा बालाघाट द्वारा की गई।

नहर से पानी निकालकर घटाया जा रहा दबाव, जल संसाधन विभाग की टीम मौके पर तैनात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जमुनिया बांध में सामने आए सीपेज के बाद जल संसाधन विभाग ने बांध की निगरानी और बढ़ा दी है। विभाग की टीम मौके पर रहकर बांध के जलस्तर और रिसाव वाले हिस्से की स्थिति पर नजर रख रही है। बांध के पास कर्मचारियों के लिए टेंट लगाए गए हैं, जहां चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बांध की मौजूदा स्थिति का निरीक्षण भी किया।

जलस्तर घटाने के लिए नहर से पानी छोड़ा जा रहा: बांध पर पानी का दबाव कम रखने के लिए नहर के माध्यम से पानी की निकासी की जा रही है। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार लगातार पानी बाहर निकाले जाने से बांध पर पड़ने वाला दबाव कम करने में मदद मिल रही है। सीपेज वाले स्थान पर भी कर्मचारियों द्वारा नियमित निगरानी की जा रही है। फिलहाल मौके से किसी नई गंभीर स्थिति की जानकारी सामने नहीं आई है।

अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा: जमुनिया बांध की स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया है। मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी भी बांध का जायजा ले चुके हैं।

विधायक गौरव पारधी ने बनेरा में अधिकारियों एवं ग्रामीणों संग ली बैठक: बांध में सीपेज की जानकारी सामने आने के बाद विधायक गौरव सिंह पारधी लगातार जल संसाधन विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। वे अधिकारियों से बांध की वर्तमान स्थिति और किए जा रहे उपायों की जानकारी ले रहे हैं। सोमवार देर रात ग्राम बनेरा में हुई बैठक में भी विधायक ने अधिकारियों तथा आस पास के ग्रामीणों के साथ स्थिति पर चर्चा की थी।बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया था कि फिलहाल बांध का जलस्तर कम करने के लिए नहर के रास्ते पानी की निकासी की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से बच्चों और पशुओं को नहर के आसपास जाने से रोकने की सलाह भी दी गई है।

धान की फसल में रोग-कीट नियंत्रण का देसी तरीका, जानपुर में तैयार किए अग्निअस्त्र

बालाघाट। धान की फसल में वर्तमान में दिखाई दे रहे रोग एवं कीट प्रकोप के बीच किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक उपायों से फसल सुरक्षा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत बिरसा अंतर्गत ग्राम जानपुर में किसानों के घर पर ही प्राकृतिक कीट नियंत्रण घोल तैयार कर उनके उपयोग की जानकारी दी गई। कृषक नंदलाल एवं दलवीर सिंह के घर कृषि सखियों बिंदुलता टांडिया एवं मीना बघेल द्वारा दसपर्णी अर्क एवं अग्निअस्त्र तैयार किया गया। इस दौरान किसानों को इन प्राकृतिक घोलों की तैयारी, उपयोग की विधि तथा धान की फसल में इनके प्रयोग से संबंधित जानकारी दी गई।

कार्या. प्राचार्य शास. महाविद्यालय, लालबर्रा जिला : बालाघाट (म.प्र.)
07633 - 276300 (O) "उच्च शिक्षित युवा प्रदेश की ताकत"
Website: http://mphighereducation.nic.in/lalburra
E-mail: hegclalbal@mp.gov.in, govtcollegelalburra@gmail.com
क्रमांक /स्था/कम्प्यु-1/2026 लालबर्रा, दि.-10.09.2026
//ई-निविदा सूचना//
महाविद्यालय में आधुनिक तकनीकि से शिक्षण व्यवस्था योजना कं. (5551) के अंतर्गत प्राप्त आवंटन का क्रय करने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, अधिकृत फर्मों से निम्नलिखित विवरणानुसार निविदा की शर्तों आदि की जानकारी ऑनलाईन जेम पोर्टल पर देखी जा सकती है, बिड का विवरण निम्नानुसार है।

Sr. No.	Description of Items	Bid No./Date	Bid End Date Time
01	आधुनिक तकनीकि से शिक्षण व्यवस्था संबंधी सामग्री	GEM/2026/B/8006195 Date- 07/09/2026	21/09/2026 05.00 PM

(डॉ. संगीता मेश्राम)
प्र.प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा जिला - बालाघाट

फुटबॉल संघ जिला अध्यक्ष एवं विधायक गौरव सिंह पारधी के नेतृत्व में जिले में फुटबॉल को मिल रहा नया मंच

प्रेसिडेंट कप में भरवेली बनी चैंपियन, डायमंड रॉक को 2-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट स्थानीय रेंजर कॉलेज मैदान में जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में 8 सितंबर से आयोजित प्रेसिडेंट कप जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 का फाइनल मुकाबला रविवार को डायमंड रॉक एकेडमी निलजी और MOIL Eleven भरवेली के बीच खेला गया। भरवेली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले की 20 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

बालाघाट में नहीं है प्रतिभा की कमी,फुटबॉल में भी बालाघाट के युवा दिखा रहे अपना हुनर:- गौरव सिंह पारधी

समापन अवसर पर फुटबॉल संघ के अध्यक्ष एवं विधायक गौरव सिंह पारधी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन निरंतर किए जा रहे हैं। जिले के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बालाघाट का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है। हारने वाली टीम को निराश होने के बजाय अपनी कमियों से सीख लेकर और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास करना चाहिए,श्री पारधी ने कहा की जिले में फुटबॉल खेल के क्षेत्र में हर वो प्रयास किए जा रहे है जिससे फुटबॉल के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौक़ा मिले उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष विधायक गौरव सिंह पारधी के नेतृत्व में बालाघाट में फुटबॉल को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में विभिन्न स्तर की प्रतियोगिताओं के साथ राष्ट्रीय स्तर के चैंपियनशिप और टूर्नामेंट भी आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों के माध्यम से जिले की युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने के नए अवसर मिल रहे हैं। आयोजन में जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष जेम्स बारीक, सचिव सुनील यादव, गणेश अग्रवाल, पूनम धुवारे, डॉ. अक्षय कटरे, दिलीप राजपूत, ज्वाला डहरवाल, युवराज, योगेश गायकवाड़, रूपेंद्र गायकवाड़ सहित खेलप्रेमियों का सहयोग रहा।